**माहेश्वरी समाज, जयपुर की शिक्षा समिति द्वारा बहुउद्देशीय शैक्षिक संस्था के लोकार्पण समारोह में माननीय लोकसभा अध्यक्ष महोदय का सम्बोधन**

--------

- मित्रो, सर्वप्रथम देवों के देव, महादेव भगवान महेश के चरणों में मेरा सादर नमन। भगवान महेश का आशीर्वाद हमारे समाज को, हमारे राष्ट्र को सर्वदा प्राप्त हो, भगवान महेश हम सबका कल्याण करें।

- माहेश्वरी समाज, जयपुर की शिक्षा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

- माहेश्वरी समाज शिक्षा समिति वर्ष पिछले 85 वर्षों से भी अधिक समय से अर्थात 1936 से ही पूरी प्रतिबद्धता के साथ समाज के सभी वर्गों में शिक्षा को बढ़ावा देने का कल्याणकारी कार्य कर रही है। समाज की यह बेहतरीन पहल वास्तव में अत्यंत प्रशंसनीय और अनुकरणीय है।

- माहेश्वरी शिक्षा सोसाइटी के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती जी को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद जिनके नेतृत्व में सोसाइटी द्वारा सामाजिक बदलाव लाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सर्व समाज के कल्याण के लिए उनका समर्पण एक आदर्श प्रस्तुत करता है।

- मुझे बताया गया है कि सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 3 वर्ष का अपना कार्यकाल अभी पूरा किया है। इस दौरान उन्हें कोविड महामारी की वजह से आए व्यवधान का भी सामना करना पड़ा।

- इस खतरनाक महामारी का भी जनसेवा के प्रति उनके दृढ़ निश्चय और प्रतिबद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा। उनकी समर्पित सेवा से सभी सामाजिक संगठनों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

- साथियों, हमारे माहेश्वरी समाज का सदैव यह प्रयास रहता है कि किस प्रकार समाज के सभी वर्गों का हित हो, समाज में उन्नति और समृद्धि आए। भगवान महेश के आशीर्वाद से मानव सेवा की भावना हमारे अंदर समाहित है। हम यह समझते हैं कि समाज और राष्ट्र का हित उसी स्थिति में हो सकता है जब समाज के सभी वर्गों तक अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य तथा समृद्धि का प्रसार हो।

- इसलिए हम जहां भी रहते हैं, अपने समुदाय को बिना किसी भेदभाव के ऊपर ले जाने की कोशिश करते हैं। हमारे अंदर यह भावना भगवान महेश के आशीर्वाद से आरंभ से ही रही है।

- माहेश्वरी समाज के ऊंचे आदर्शों के अनुरूप आपकी संस्था का दृष्टिकोण, मिशन और उद्देश्य राष्ट्र का नवनिर्माण करना, शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करना और लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना है।

- वास्तव में, यह समिति एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है कि लोगों के लिए समर्पण भाव से किस तरह काम किया जाए। जयपुर में माहेश्वरी समाज की शिक्षा समिति के तत्वावधान में कई शैक्षणिक संस्थान चलाए जा रहे हैं, जो इस महान संस्थान द्वारा वर्षों से की जा रही सेवा को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

- विशेष रूप से जयपुर का माहेश्वरी समाज अपने धर्मार्थ कार्यकलापों के लिए पूरे देश में जाना जाता है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि आपकी संस्था लंबे समय से कई परोपकारी और मानवीय कार्यकलापों से जुडी हुई है, विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ये बहुत अच्छा काम कर रही है।

- माहेश्वरी समाज ने समाज के गरीब और वंचित वर्गों की सदैव मदद की है। इनके कार्यकलाप केवल माहेश्वरी समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों की सेवा करने का इनका एक प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है।

- राष्ट्र निर्माण में माहेश्वरी समाज की सदा से ही अग्रणी भूमिका रही है। इस समुदाय के लोगों ने व्यापार तथा वाणिज्य, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक, राजनैतिक, आध्यात्मिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कला और संगीत, खेलकूद, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

- स्वतन्त्रता संग्राम में भी इस समुदाय की उल्लेखनीय भूमिका रही है। आज, सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों के विभिन्न व्यवसायों में माहेश्वरी समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है। आपने अपने धैर्य और कठिन परिश्रम से हम सबको गौरवान्वित किया है तथा सफलता की उत्कृष्ट मिसाल कायम की है।

- किसी भी समाज की प्रगति के लिए शिक्षा अनिवार्य है । यह जनता, विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान और विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। आज से 97 वर्ष पूर्व, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए 'नाइट स्कूल' की शुरुआत की थी।

- अब तक संस्था द्वारा 25 हजार से भी अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान की जा चुकी है और राज्य के विभिन्न भागों में 12 विद्यालयों और 1 महाविद्यालय की स्थापना की गई है ताकि विद्या का प्रकाश समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। आज माहेश्वरी समाज, जयपुर की शिक्षा के क्षेत्र में की विशिष्ट पहचान है।

- मित्रो, शिक्षा से ही सही मायने में सशक्तीकरण होता है। आज के ज्ञान आधारित समाज में यदि आप साक्षर और शिक्षित नहीं हैं, तो आप सशक्तीकरण के लाभ नहीं उठा सकते। इसलिए, यह आवश्यक है कि साक्षरता बढ़ाने के लिए हम जो भी प्रयास करें, वह समावेशी हों और उनसे लोगों का सशक्तीकरण भी हो।

- देश के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं को तैयार करने में सरकार के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

- **गांधीजी ने कहा था कि - "लोकतंत्र को कार्यशील बनाये रखने के लिए सही शिक्षा की आवश्यकता है"। उन्होंने यह भी कहा था कि - "शिक्षा से मेरा अभिप्राय है कि बालक और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा का सर्वांगीण और सर्वोत्कृष्ट विकास होना चाहिए ।" मुझे यह जानकर खुशी हुई कि माहेश्वरी समाज शिक्षा समिति इस दिशा में अथक प्रयास कर रही है।**

- हमें शिक्षा को एक ऐसे साधन के रूप में देखना चाहिए जिसके जरिये मनुष्य अपने भीतर मौजूद क्षमताओं को साकार कर सकता है और अपना नैतिक एवं बौद्धिक विकास कर सकता है।

- हमें अपनी युवा पीढ़ी में उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा को जागृत करना होगा कि वे आधुनिक, प्रगतिशील और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। आज के विद्यार्थी ही कल के नेता भी हैं।

- हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली ने दुनिया में सबसे बड़े कार्यशील लोकतंत्र के रूप में नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है। हमारे विद्यार्थियों को हमारे लोकतंत्र के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करना होगा और इसके कार्यकरण को अधिक प्रभावी बनाने के नये तरीके तथा साधन खोजने होंगे। चूंकि, शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है, इसलिए, शिक्षा का इस संदर्भ में अत्यधिक महत्व है।

- देश की नई शिक्षा नीति का भी उद्देश्य यही है कि शिक्षा को अपनी संस्कृति से जोड़ें। शिक्षा का उद्देश्य एक आदर्श मनुष्य , एक आदर्श नागरिक का निर्माण होना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्मित भवन ऐसे ही आदर्श शिक्षा के लिए प्रयास करेगा।

- साथियो, इस बहुउद्देशीय शैक्षिक संस्था का 7 मंजिला भवन साठ हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। मुझे बताया गया है कि यहाँ विभिन्न व्यावसायिक कोर्स चलाए जाएंगे ताकि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा मिल सके तथा आगे चलकर वे समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बन सकें।

- मुझे विश्वास है कि यह बहुउद्देशीय शैक्षिक संस्था इस इलाके में शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी। आप सबने इस संबंध में अपना अतुलनीय योगदान दिया है, इसके लिए मैं आप सबकी हृदय से सराहना करता हूं।

- **मुझे विश्वास है कि माहेश्वरी समाज की शिक्षा समिति आने वाले वर्षों में और उपलब्धियां प्राप्त करेगी। इसके साथ ही मैं इस बहुउद्देश्यीय संस्था के लोकार्पण के अवसर पर आप सबको हार्दिक बधाई देता हूं।**

**धन्यवाद । जय हिंद ।**

------